''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

पेज–03

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 111 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए मंगलवार, 22 अप्रैल 2025 samachargate@gmail.com



## आइएएस अधिकारी जलज शर्मा को प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित

### नासिक शहर के समग्र विकास के लिए मिली राष्ट्रीय पहचान



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**नई दिल्ली/चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित सिविल सेवा दिवस समारोह में ‌‌आईएएस अधिकारी जलज शर्मा को वर्ष 2023 का प्रधानमंत्री पुरस्कार देकर सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें नासिक शहर का धार्मिक और समग्र (होलिस्टिक) विकास करने के लिए प्रदान किया गया।

जलज शर्मा 2014 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और वर्तमान में नासिक जिला कलेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। वे मूल रूप से चंडीगढ़ निवासी हैं। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों को देश के विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु ईमानदारी, समर्पण और आधुनिक दृष्टिकोण से कार्य करने का आह्वान किया।

पुरस्कार प्राप्त करने के बाद जलज शर्मा ने कहा कि यह सम्मान उनकी सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और जनता की सेवा के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने नासिक शहर को एक धार्मिक, सांस्कृतिक और सुविधायुक्त नगरी बनाने के संकल्प को दोहराया और आगामी 2027 महाकुंभ के लिए विशेष प्रयासों का वादा किया।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्य सचिव संजीव कौशल ने उन्हें बधाई देते हुए इसे पूरे प्रशासनिक समुदाय के लिए प्रेरणास्पद उपलब्धि बताया।

जलज शर्मा के पिता राम भगत शर्मा हरियाणा सरकार से अतिरिक्त निदेशक पद से और माता रूपा रानी शर्मा आर्किटेक्ट पद से सेवानिवृत्त हैं। उन्होंने इसे परिवार के संस्कारों और जलज की मेहनत का फल बताया।

## जनता से सीधा संवाद, समस्याओं का तत्पर समाधान

### कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने सागर सिनेमा कार्यालय पर लगाया जनता दरबार



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने रविवार को फरीदाबाद सेक्टर 16 स्थित अपने सागर सिनेमा कार्यालय में एक जनता दरबार का आयोजन किया, जिसमें शहर व आस-पास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों नागरिकों ने भाग लिया।

जनता दरबार के माध्यम से शहरी स्थानीय निकाय, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल ने आमजन से सीधे संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और जहां तत्काल समाधान संभव था, वहां संबंधित अधिकारियों को फोन कर मौके पर ही कार्यवाही के निर्देश दिए। जिन मामलों के समाधान में समय आवश्यक है, उन्हें संज्ञान में लेकर व्यक्तिगत मॉनिटरिंग का भरोसा भी दिया गया।

विपुल गोयल ने इस अवसर पर कहा, जब भी मंत्रालय के कार्यों से थोड़ा भी समय मिलता है, मैं सागर सिनेमा कार्यालय पर जनता दरबार आयोजित करता हूं। मेरा मानना है कि जनता से जुड़कर ही वास्तविक विकास संभव है। जनता से अलग होकर कोई भी काम न तो सार्थक हो सकता है, न स्थायी।

उन्होंने आगे कहा: मेरे लिए यह एक पारिवारिक संवाद है। जब मेरे परिवार के सदस्यजनतामुझसे मिलने आते हैं, तो उनकी बातें आज ही सुनी जाएंगी और समाधान पर काम भी आज से ही शुरू होगा। मैं उस पुरानी व्यवस्था को नहीं मानता जिसमें समाधान सोमवार से शुक्रवार तक सीमित हो। जब लोग आज आए हैं, तो समाधान भी आज से शुरू होगा।

इस दिन विपुल गोयल ने स्थानीय नागरिकों से भविष्य की योजनाओं पर सुझाव भी मांगे, जिससे जन-भागीदारी को और अधिक मजबूती दी जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए सुशासन के मंत्र को उद्धृत करते हुए उन्होए कहा कि हम सभी जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि जनता से निरंतर संवाद बनाए रखें और कार्यों को पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी ने जिस प्रकार अपने आवास को 2437 जनता के लिए खोल रखा है, वह प्रशासनिक सेवा भावना का आदर्श है और हम सभी का मार्गदर्शन भी। इस जनता दरबार के माध्यम से समाधान से साथ जनता का अपने चुने हुए प्रतिनिधि के प्रति विश्वास भी मजबूत हुआ।

## भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने लिया जिला के मंडियों में खरीद व्यवस्था का जायजा

**उठान कार्य में तेजी और किसानों की पेमेंट समय पर करें खरीद एजेंसी : धनखड़**

**राष्ट्रीय सचिव ने मंत्री राजेश नागर और विभाग के आला अधिकारियों को फोन कर खरीद प्रक्रिया में और तेजी लाने को कहा**



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने सोमवार को झज्जर जिला की मंडियों में सरकारी खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। भाजपा सचिव श्री धनखड़ ढाकला और मातनहेल अनाज मंडी में पंहुचे। उन्होंने मौके पर मौजूद किसानों का हाल चाल जाना। फसल उत्पादन के साथ साथ परिवारों का कुशलक्षेम भी जाना। किसानों ने कहा कि फसल अच्छी हैं, भाव भी ठीक ठाक हैं। धनखड़ ने आढ़तियों से खरीद व्यवस्था से संबंधित सीधा संवाद करते हुए जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि मंडी अनाज लेकर पहुंचे किसान को कोई भी परेशानी नहीं आनी चाहिए। बहुत ही कड़ी मेहनत उपरांत किसान अपना उत्पाद लेकर अनाज मंडी तक पहुंचता है।

खरीद एजेंसी के अधिकारियों ने धनखड़ को बताया कि ढाकला अनाज मंडी में आठ हजार 750 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है ,जिसमें से अभी तक सात हजार 971 मीट्रिक टन की खरीद हुई है जबकि उठान 2700 मीट्रिक टन हुआ है।

मातनहेल मंडी में आवक 22 हजार 404 मीट्रिक टन गेहूं की आवक दर्ज की है, खरीद नौ हजार 954 मीट्रिक टन की खरीद हुई, उठान केवल 4600 मीट्रिक टन का हुआ है। किसानों ने बताया कि उठान होने के बाद ही पेमेंट होती है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने मंडी में किसानों के समक्ष विभाग के मंत्री श्री राजेश नागर और अतिरिक्त मुख्य सचिव से बात की। उन्होंने कहा कि खरीद और उठान प्रक्रिया में तत्काल तेजी लाने की जरूरत है। विभाग के मंत्री ने आश्वासन दिया कि खरीद प्रक्रिया में और तेजी लाई जाएगी। उन्होंने अनाज मंडी के विस्तारीकरण की बात भी मंत्री राजेश नागर से की। ताकि किसान को अनाज खुले में न रखना पड़े। किसान बंधु श्री धनखड़ ने कहा कि हमारी सरकार किसानों के हित के लिए कार्य कर रही है। सभी फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है। मुख्यमंत्री नायब सिहं सैनी ने आज ही अधिकारियों को आदेश दिए हैं कि जिन किसानों को आगजनी से फसली नुकसान हुआ है, उनको राहत देने के लिए तत्काल प्रक्रिया शुरू होगी। प्रभावित किसान अपनी फसली नुकसान की शिकायत संबंधित डीसी कार्यालय में दें। राहत दी जाएगी।

श्री धनखड़ ने जिला की अन्य मंडियों की स्थिति की जानकारी भी खरीद एजेंसी के अधिकारियों से ली। अधिकारियों ने बताया कि जिला की मंडियों में एक लाख 68 हजार 662 एमटी गेहूं की आवक दर्ज हुई है। खरीद एजेंसियों द्वारा अब तक एक लाख 19 हजार 707 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। जिले में 65 हजार 598 मीट्रिक टन गेहूं का उठान हो चुका है। गेहूं की खरीद प्रक्रिया से 20 हजार 173 किसान लाभांवित हुए हैं। वहीं सरसों की 33 हजार 11 एमटी आवक, खरीद 30 हजार 365 एमटी की जा चुकी है, जबकि 25 हजार 839 मीट्रिक टन सरसों का उठान हो चुका है। सरसों की खरीद प्रक्रिया से 14 हजार 89 किसान लाभानवित हुए हैं। इस दौरान जिला परिषद चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना, पार्षद वीर भान, आनंद सागर, मंडल अध्यक्ष और खरीद एजेंसियों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सात दिवसीय योग चिकित्सा शिविर हुआ प्रारम्भ

### ग्रामीण एवं शहरी आँचल दोनों हो रहे योगमय



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार के तत्वाधान में 21 से 27 अप्रैल तक, प्रात:5:45 बजे से 7बजे तक आर्य समाज सेक्टर- 8 एवं RWA के सहयोग से स्मृति पार्क (मदर डेयरी के सामने) सेक्टर- 8 में नि:शुल्क योग चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। शिविर में श्री गोल्डी बरेजा जी व उनकी माताजी श्रीमती नीलम बरेजा जी पार्षद मुख्य अतिथि रहे। उनका स्वागत आर्य समाज के सदस्य, RWA के पदाधिकारी व सेक्टर 8 निवासियों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि भाई गोल्डी बरेजा ने कहा कि आज के प्रदूषित वातावरण में स्वास्थ्य रक्षा हेतु योग व यज्ञ करना अनिवार्य है, अत: सभी उत्तम स्वास्थ्य हेतु योगासन, प्राणायाम अवश्य करें। योगाचार्य जयपाल शास्त्री ने योग का प्रशिक्षण देते हुए योग के विशेष लाभ बताए।उनका स्वागत व सम्मान नंदलाल कालरा जी, सतपाल कल्याण जी, दिनेश गोयल जी, सुदामा कालरा जी, जयदेव सेठी जी, श्रीमती उषा कालरा श्रीमती पुष्पा मग्गू, श्रीमती दर्शना मलिक, श्रीमती कृष्णा तंवर जी आदि ने शाल एवं पुष्पमाला द्वारा किया गया। धर्मराज यादव जी व जगदीश तंवर जी आदि का भी पुष्पमाला से स्वागत किया गया। शिविर में जगदीश तंवर जी द्वारा मधुर गीतों की सुन्दर प्रस्तुति रही। इस अवसर पर स्वास्थ्य संवर्धनार्थ चिकित्सा यज्ञ का आयोजन भी किया गया जिसका संपादन निष्ठा आर्या एवं दिव्यांशु आर्य विद्यार्थी आचार्यकुलम पतंजलि योगपीठ द्वारा कराया गया।योग शिविर में योग-साधक भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## सरकारी राशन बेचने के आरोप पर डिपो धारक के खिलाफ पर्चा दर्ज

### खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर को शिकायत मिलने पर दर्ज हुआ पर्चा

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर को एक डिपो धारक के खिलाफ सरकारी राशन बेचने की शिकायत पर पर्चा दर्ज किया गया है। मंत्री ने शिकायत की गहन जांच के बाद सभी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है।

बता दें कि जिला पलवल के गांव नागलिया में डिपो चलाने वाले सुरेश कुमार पर सरकारी गल्ला ब्लैक में बेचने की शिकायत स्थानीय सरपंच प्रतिनिधि ने की थी। प्रतिनिधि ने मंत्री राजेश नागर को दी शिकायत में दावा किया था कि उन्होंने डिपो धारक द्वारा सरकारी राशन भरकर कहीं बेचने की कोशिश करते रंगे हाथ पकड़ा था और उसकी गाड़ी भी जब्त कर पुलिस को शिकायत दी। लेकिन पुलिस ने इस पर कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं की। जिससे जरूरतमंद के हक पर डाका डालने की आशंका भी उन्होंने जताई।

इस बात के संज्ञान में आते ही मंत्री राजेश नागर ने स्थानीय पुलिस को डिपो धारक के खिलाफ पर्चा दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी और जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ विभागीय और कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

इस बारे में खाद्य आपूर्ति विभाग के आला अधिकारियों को भी सूचना दे दी गई है। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार सर्वजन की सरकार है। इसमें किसी को भी हेरा फेरी नहीं करने दी जाएगी। उन्होंने लोगों से कहा कि वह अपने हक के लिए आवाज़ उठाएं और हेरा फेरी करने वालों को हम किसी प्रकार से बख्शने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने राशन डिपो से वितरित होने वाले गल्ले को समय पर आपूर्ति करने की दिशा में बहुत काम किए हैं। इसके लिए सभी कॉर्पोरेशन और विभाग के बीच में सहयोग की व्यवस्था बनाई गई है। जिससे कि लोगों को समय पर उनका राशन तेल आदि मिल सके।

उन्होंने कहा कि इस बारे में कोई भी अपनी शिकायत लेकर उनसे कभी भी मिल सकता है। उनकी नायाब सैनी सरकार में हेरा फेरी, भ्रष्टाचार और कामचोरी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति है और वह इसे पूरे तरीके से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।









# संपादकीय

## राष्ट्र निर्माण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का अनमोल योगदान

लोगों को पता चलने लगा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने स्थापना काल के दौर से ही राष्ट्र निर्माण, एकता और सांस्कृतिक जागरण के दीप को प्रज्ज्वलित करते हुए समाज को संगठित करने और सांस्कृतिक गौरव बढ़ाने पर जोर दिया है। जंगें आज़ादी के दौर में संघ ने जहां लोगों को राष्ट्रभक्ति के भाव से ओतप्रोत करने का कार्य बखूबी किया था, वहीं आजाद भारत में संघ ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के प्रयास करते हुए एकता और आत्मविश्वास को बढ़ाने का कार्य निरंतर किया है। देश के दूरदराज इलाकों तक में भी अपनी 55000 शाखाओं व करोड़ों स्वयंसेवकों के माध्यम से पहुंच कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने देश के युवाओं के एक बहुत बड़े वर्ग को अनुशासन में रहना सिखाते हुए, उनमें नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का कार्य बखूबी किया है।



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

मां भारती के सपूत स्वतंत्रता सेनानी डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने जंगें आज़ादी के दौर में विजयदशमी के पावन पर्व के दिन 27 सितंबर 1925 को महाराष्ट्र के नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना देश, संस्कृति व समाज हित के कार्यों को करने के उद्देश्य से की थी। इस संकल्प के चलते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना काल से लेकर के आज तक देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय ढांचे को मजबूत करने में निरंतर लगा हुआ है। वैसे निष्पक्ष रूप से देखा जाए तो आरएसएस के द्वारा किए गए कार्यों ने करोड़ों लोगों के जीवन को बेहतर बनाते हुए गुलामी की जंजीरों को तोड़ कर के आज़ाद हुए भारत देश के निर्माण में पूरी निष्ठा व ईमानदारी से सकारात्मक योगदान देने का कार्य किया है। अपने शीर्ष नेतृत्व के सशक्त राष्ट्र, सभ्य समृद्धशाली समाज निर्माण के ओजस्वी विचारों के चलते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का राष्ट्र निर्माण व सनातन धर्म की रक्षा करने में अनमोल योगदान रहा है। जिस योगदान को हम लोग आज भी देश के विभिन्न क्षेत्रों में आसानी से देख सकते हैं। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए आरएसएस ने देश में सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्तरों पर दिन-रात एकजुट होकर के काम किया है।

हालांकि देश की आज़ादी के संघर्ष के दौर से लेकर आज़ाद भारत तक में भी चंद राजनेताओं के क्षणिक राजनैतिक स्वार्थों को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व उसके निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा में लगे हुए स्वयंसेवक हमेशा से ऐसे लोगों के निशाने पर रहे हैं। ऐसी स्थिति के चलते ही राष्ट्र की आज़ादी व सशक्त राष्ट्र निर्माण की यात्रा में संघ के स्वयंसेवकों के अनमोल योगदान को दशकों तक सत्ता व सिस्टम में बैठे कुछ लोगों द्वारा अनदेखा किया गया। देश के चंद राजनेताओं ने धर्म विशेष के लोगों को खुश करने के लिए और केंद्र व राज्यों की सत्ता की कुर्सी हथियाने के लिए ओछी राजनीति करते हुए देश व दुनिया में संघ को बदनाम करने के लिए दुष्प्रचार करने का कार्य तक भी किया है और यह सब आज भी उनके अनुयायियों के द्वारा जारी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में कुछ राजनेताओं के द्वारा पैदा की गयी नकारात्मक स्थिति के बाद भी संघ के द्वारा निस्वार्थ भाव से कार्य करना हमेशा जारी रखा गया है। संघ के राष्ट्र निर्माण व समाज के लिए पूरी तरह से निस्वार्थ भाव से समर्पित स्वयंसेवकों की टोली ने कभी भी इस तरह की हालात की परवाह ना करते हुए, राष्ट्र व समाज हित के लिए अपना कार्य हमेशा निस्वार्थ भाव से करना जारी रखा और कभी भी संघ के इन स्वयंसेवकों ने इन कार्यों का श्रेय लेने तक का भी प्रयास नहीं किया है।

## श्रम कल्याण बोर्ड में कामगारों की शिकायतों से संबंधित जांच कमेटी का गठन



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने हरियाणा भवन व अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड से कामगारों से संबंधित शिकायतों व उनके पंजीकरण में अनियमितताओं व खामियों की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठन करने के निर्देश दिए है और यह कमेटी तीन महीने के अंदर अंदर अपनी रिपोर्ट विभाग को सौंपेगी। श्री विज आज हरियाणा भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड की बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। श्री विज ने तीन सदस्यीय कमेटी में यूनियन की तरफ से सुनील ढिल्लो, नियोक्ता की तरफ से भूपेंद्र शर्मा तथा विभाग की ओर से संयुक्त सचिव ए. के. देशवाल को शामिल करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी ब्लॉक स्तर पर कामगारों की सुनवाई के लिए हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि कॉल सेंटर व हेल्प डेस्क दोनों अलगअलग होने चाहिए। बैठक में जानकारी दी गई कि पंचकूला, हिसार व सोनीपत में क्षेत्रीय स्तर पर कॉल सेंटर खोले गए हैं। श्री विज ने स्पष्ट किया कि जिन श्रमिकों ने बोर्ड में पंजीकरण के लिए आवेदन किया है और किन्हीं कारणों से उसका आवेदन रद्द हो जाता है तो उसकी फीस अवश्य वापिस की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बोर्ड की पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की डिटेल रिपोर्ट अलग से तैयार की जाए। बैठक में सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) श्री कृष्ण कुमार बेदी, श्रम एवं रोजगार विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन, श्रम आयुक्त मनीराम शर्मा तथा बोर्ड के चेयरमैन व अन्य सदस्य एवं अधिकारी उपस्थित थे।


## जरूरी सूचना

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।


# इंपेक्ट खबर : खबर प्रकाशित होने के बाद कनीना मंडी में लगी झारना मशीनें

### किसानों को नहीं होने दी जाएगी परेशानी : मार्केट कमेटी सचिव

### अब तक 203507 क्विंटल सरसों की हुई खरीद

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना की नयी आनाज मंडी चेलावास में सरसों खरीद एजेंसी द्वारा अधिकारियों को पत्र लिखने के बाद झारने उपलब्ध हो गए हैं। इस बारे में समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का असर हुआ है। जिसके चलते एक घंटे में करीब 25 क्विंटल सरसों की सफाई करने वाली इलेक्ट्रॉनिक मशीन उपलब्ध होने के बाद सरसों खरीद कार्य में तेजी आई है। इस बारे में एनसीसीएफ के प्रतिनिधि दीपक दुबे ने बताया कि उनकी ओर से खरीद की गई सरसों का उठान कार्य अंतिम चरण में है। मुख्य खरीद अधिकारी रिषीपाल सिंह व क्वालिटी नियंत्रक अधिकारी रजनीश कौरव ने बताया कि उनकी ओर से बीती 9 अप्रैल तक 1.14 लाख क्विंटल सरसों की खरीद कनीना मंडी से की गयी है। मंडी में लगे झारनों का मार्केट कमेटी के सचिव विजय सिंह, मंडी सुपराईजर सतीश कुमार, ओआर वीरेंद्र सिंह, खरीद एजेंसी स्टेट वेयर हाउस की प्रबंधक सीमा देवी बारीकी से निरीक्षण किया है। मार्केट कमेटी के सचिव विजय सिंह ने कहा कि खरीद कार्य के चलते किसानों के सामने किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।



उन्होंने बताया कि मंगलवार 22 अप्रैल को अगिहार, बेवल, बागोत भडफ, भोजावास, चेलावास, छितरोली, ढाणा, धनौंदा, दोंगडा अहीर, दोंगडा जाट, गाहडा, गुढा, गोमला, गोमली, इसराना के किसानों की सरसों खरीदी जाएगी। इसी प्रकार 23 अप्रैल को झाडली, झिगावन, ककराला, कलवाडी, कनीना, कपूरी, करीरा, केमला, खरकडा बास, खेडी, खैराना, कोका, कोटिया, मानपुरा, मोहनपुर, मोडी तथा 24 को मुंडिया खेडा, नांगल, नोताना पडतल, पाथेडा, पोता, रामबास, रसूलपुर, स्याणा, सेहलंग, सिहोर, सुंदरह, तलवाना, उच्चत व उन्हाणी के किसानों से सरसों की खरीद की जाएगी।

स्टेट वेयर हाउस की प्रबंधक सीमा देवी ने बताया कि मंडी में अब तक कुल 9159 किसानों से 203507 क्विंटल सरसों की खरीद की जा चुकी है जिसमें से 129799 क्विंटल का उठान किया जा चुका है। खरीदी गई सरसों को रेवाडी स्थित गोदाम में भेजा जा रहा है।

गेहूं की खरीद एजेंसी फूड सप्लाई के निरीक्षक ध्यान सिंह ने बताया कि उनकी ओर से 1475 किसानों से 48475 क्विंटल की खरीद की जा चुकी है जबकि 34 हजार क्विंटल का उठान किया गया है। इस मौके पर सहायक सचिव मनोज पराशर के अलावा मनीष गुप्ता, नितिन मित्तल, राधेश्याम शर्मा, सतीश कुमार, मुकेश कुमार, कुलदीप सिंह उपस्थित थे।

# पंचायत समिति की बैठक में हुआ विकास कार्यों पर मंथन

### समिति चेयरमैन जेपी यादव ने की बैठक की अध्यक्षता

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** पंचायत समिति कनीना के सद्स्यों की एक महत्सवपूर्ण बैठक सोमवार को पंचायत समिति के मिटिंग हॉल में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता पंचायत समिति के चेयरमैन जयप्रकाश यादव ने की। बैठक की कार्रवाई पंचायत समिति के कार्यकारी अधिकारी नवदीप ने इंद्राज की। इस बैठक में पंचायत समिति की 154 दुकानों को लेकर सभी सद्स्यों को जानकारी दी गई ओर इस सम्बंध में विभिन्न अदालतों में विचाराधीन केसों की सुनवाई से अवगत कराया गया। 2019 के बाद दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए थे।



हाईकोर्ट ने वर्ष 2024 में एक फैसला सुनाते हुए सक्षम अधिकारी द्वारा दुकानें रखने तोडने को लेकर निर्णय लेने के बारे में कहा गया था। उस निर्णय के बारे में सद्स्यों को जानकारी दी गई। इस बारे में जल्द की दूसरी बैठक बुलाई जाएगी। बैठक में पंहुचे सद्स्यों ने गावों में करवाए जाने वाले विकास कार्यों को लेकर प्रस्ताव रखे। जिनमें से एक-एक कर सभी कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरे करने का आश्वासन दिया गया। गावों में पार्क बनवाने, गंदे पानी की निकासी के लिए सीवरेज तथा जोहड खुदाई आदि कार्य करवाने के लिए एस्टीमेट तैयार किए गए हैं जिनका आगामी बैठक में बजट अलाट किया जायेगा। बैठक में आंगनवाडी भवन बनवाने तथा आगामी बैठक में सम्बंधित अधिकारियों के उपस्थित रहने के बारे में भी आश्वस्त किया गया। इस मौके पर पंचायत समिति के वाईस चेयरमैन रमेश महलावत, सद्स्य महिपाल नम्बरदार सहित पंचायत समिति सद्स्य उपस्थित थे।

# विधायक आफताब अहमद ने ली अधिकारियों की बैठक: बिजली की समस्या के समाधान के निर्देश



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद ने सोमवार को बिजली विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों एक्सईएन, एसडीओ आदि की बैठक ली। इसमें विधायक ने मुख्य रूप से बिजली और विकास के कार्यों को लेकर चर्चा की। विधायक ने बिजली और पानी की समस्याओं को प्राथमिकता से दूर करने के लिए कहा। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि विद्युत आपूर्ति की कटौती होना चिंता का विषय है, इससे जनता को परेशानी हो रही है। अप्रैल के दूसरे तीसरे हफ्ते में ही तापमान 40 डिग्री सेलसियस दर्ज होने से जनता को दिक्कतों से दो चार होने से बचाने के लिए अधिकारियों को अगवत कराया गया कि बिजली पानी की किल्लत ना हो। नूंह शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति निर्बाध व सुचारू रखने के निर्देश दिए गए हैं। विधायक आफताब अहमद ने अधिकारियों से निवेदन किया कि सभी अधिकारी फील्ड पर जाकर लोगों की समस्याएं समझें और निदान करें।

विधायक ने अधिकारियों से कहा कि आगे आगे गर्मी और अधिक बढेगी और बिजली की मांग में इजाफ़ा होगा इसलिए आज बैठक कर आदेश दिए गए हैं कि समस्या का निदान हो। तीन महीने पहले भी अधिकारियों संग बैठक कर स्थिती सामान्य रूप से चले इसका संज्ञान लिया था। नूंह को बिजली आपूर्ति के विकास कार्य में देरी हुई है, मार्च तक इसे पूरा हो जाना था, वहीं रोजका मेव में 220 केवी सब स्टेशन को तैयार हो जाना था लेकिन विलंब हुआ है।

रोजका मेव सब डिविजन, पुन्हाना बनने के साथ साथ एस ई सब डिविजन पलवल ना बैठ कर नूंह बैठने की मांग पर बात हुई जोकि प्रदेश का सबसे बडा डिविजन है। विधायक आफताब अहमद ने नूंह जिले को पूरी बिजली मिले इसके लिए सौर उर्जा प्लांट स्थापित करने का आह्वान करते हुए अधिकारियों से कहा कि आज के समय में सौर उर्जा समय की मांग है, बढती बिजली मांग को ध्यान रखते हुए इसे स्थापित किए जाने के लिए कहा। विधायक आफताब अहमद ने मेवली में 33 केवी सब स्टेशन पर विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार से जो भी मांग की जरूरत होगी उसे हर स्तर पर उठाया जाएगा। अधिकारियों ने विधायक आफताब अहमद को आश्वासन दिया की तत्काल पूरी तत्परता से समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

# छितरोली की सरपंच मुकेश देवी की सास सुधी देवी का निधन

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना विकास खंड के गांव छितरोली निवासी बलवान आर्य की माता एवं महिला सरपंच मुकेश देवी की सास 90 वर्षीय श्रीमती सुधी देवी का हृद्याघात से निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को गांव के शिवधाम में किया गया। सामाजिक और धार्मिक विचारों वाली महिला अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। उनकी आतमिक शांति के लिए आगामी 27 अप्रैल रविवार को गांव छितरोली में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। सूबेदार सुखबीर सिंह ने बताया कि सुबह सवा आठ बजे वैदिक यज्ञ का आयोजन होगा उसके बाद प्रसाद वितरित किया जाएगा।



सांय तीन बजे रस्म पगड़ी का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर हवलदार शंकर सिंह, रामकुमार, राज, दयानंद सिंह, चरण सिंह, कप्तान सिंह, सत्यवान, सुभाष, नरेंद्र शास्त्री, कैप्टन हजारीलाल, प्रताप सिंह, सुरेंद्र सिंह, सचिव रामफल सिंह, नंबरदार राज सिंह, सतपाल सिंह, अक्षय कुमार उपस्थित थे।

# कनीना के शिक्षण संस्थान में शिविर का आयोजन कर छात्राओं को टीबी उन्मूलन के प्रति किया जागरूक

### नगरपालिका चेयरपर्सन ने दो टीबी मरीजों को गोद लेने की घोषणा की



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-ककराला मार्ग स्थित गणेशी लाल महिला महाविद्यालय में सोमवार को जिला रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा टीबी मुक्त अभियान के तहत शिविर का आयोजन कर छात्राओं को जागरूक किया गया। शिविर का शुभारंभ नगरपालिका कनीना की चेयरपर्सन डॉ रिंपी कुमारी ने किया। टीबी के ब्लॉक के कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार ने बताया कि जिला उपायुक्त डॉ विवेक भारती के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें सचिव बलवान सिंह व शोभा शर्मा शामिल हैं। टीबी अभियान के पर्यवेक्षक पवन कुमार ने बताया कि जन भागीदारी से इस अभियान के तहत 2025 के अंत तक पूरे भारत से टीबी को खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है। टीबी के मरीजों का पर्याप्त पोषण सुनिश्चित करने और मृत्यु दर कम करने के लिए योजना की शुरुआत की गई है। सरकार ऐसे मरीजों को समाज की मुख्य धारा में शामिल करने के लिए प्रत्येक माह एक हजार रूपये की आर्थिक मदद दे रही है। यह राशि उनके पोषण के लिए दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में टीबी का इलाज और सभी प्रकार की जांच भी मुफ्त है। शिविर में कनीना नगरपालिका की चेयरपर्सन डॉ रिंपी कुमारी ने कहा की प्रदेश सरकार द्वारा टीबी उन्मूलन को लेकर जो पहल की गई है वह बहुत ही सराहनीय है। जन भागीदारी से ही इस बीमारी को समाप्त किया जा सकता है। डॉ रिंपी कुमारी ने दो टीबी मरीजों को गोद लेने की घोषणा की। इस मौके पर युद्धवीर सिंह, उमेश कौशिक, विजेश, मोनिका, शुभलता, नीतू, नीता, सरला, मुस्कान उपस्थित थे।


## ध्यानार्थः

हिन्दी दैनिक समाचार गेट एवं city24news.in द्वारा कवरेज की गई आपकी खबरों को आप यहां नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके भी देख सकते हैं।

अगर आप हिन्दी दैनिक समाचार गेट की प्रिंट कॉपी लेना चाहते हैं तो आप फरीदाबाद ओल्ड रेड लाइट पर न्यूज पेपर स्टॉल से एवं गोपाल न्यूज पेपर एजेंसी अंबेडकर चौक बल्लभगढ से प्राप्त कर सकते हैं।

न्यूज पोर्टल पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://city24news.in/

फेसबुक पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://www.facebook.com/city24news.in

ई-पेपर देखने के लिए इस लिंक पर देखें
https://city24news.in/e-paper

आप अपनी खबर अथवा सूचना भेजने के लिए
samachargate@gmail.com
या 9818180269 पर भी भेज सकते हैं।



'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
## समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
## आवश्यकता है
- हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
- उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
- ग्रामीण संवाददाता
- फोटोग्राफर
- विज्ञापन प्रतिनिधि

इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

# मोदी जी बाबा साहेब के सामाजिक न्याय के सपने को कर रहे हैं साकार : कृष्णपाल गुर्जर

## बाबा साहेब के दिखाए रास्ते पर चलकर भाजपा समाज हित का कर रही है कार्य : कृष्णपाल गुर्जर

### सामाजिक क्रांति के महानायक थे बाबा साहेब : कृष्णपाल गुर्जर

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** भारत सरकार में केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि बाबा साहेब के दिखाए रास्ते पर चलकर भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार समाज हित का कार्य कर रही है और शोषितों, पीड़ितों और दलितों को मजबूत करने का काम कर रही हैं। मोदी जी बाबा साहेब के सामाजिक न्याय के सपने को साकार करने में समर्पित भाव से जुटे हैं। बाबा साहेब सामाजिक क्रांति के महानायक थे और संविधान के माध्यम से बाबा साहब ने समानता और स्वतंत्रता का जो अधिकार दिया है वो हमारे लोकतांत्रिक ढांचे की मूल आधारशिला है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए श्री गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस ने सदा बाबा साहेब का अपमान किया, बाबा साहेब को संविधान सभा और लोकसभा से दूर रखने की साजिश रची और उनकी मृत्यु के बाद उनका कोई स्मारक तक नहीं बनने दिया। भाजपा की मोदी सरकार ने बाबा साहेब को सम्मान देते हुए उनसे जुड़े 5 स्थलों - पंचतीर्थ- को विकसित करने का काम किया।

बाबा साहेब जयंती के तहत बल्लभगढ़ में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान सभा में मुख्य वक्ता केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बाबा साहेब के विचारों व राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। श्री गुर्जर ने बल्लभगढ़ के विधायक मूलचंद शर्मा, एन.आई.टी विधायक सतीश फागना, बल्लभगढ़ के जिला अध्यक्ष सोहनपाल सिंह, जिला प्रभारी कमल यादव के साथ बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सहित दलित समाज के वरिष्ठ व प्रबुद्धजन और भाजपा मंडल अध्यक्षगण, एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**सामाजिक भेदभाव के खिलाफ अभियान चलाया और दलितों के लिए शिक्षा और समानता का समर्थन किया: मूलचंद शर्मा**

भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने सामाजिक भेदभाव के खिअलाफ़ अभियान चलाया और दलितों के लिए शिक्षा और समानता का समर्थन किया। बाबा साहेब ने अपने पुरे जीवन समाज के पिछड़े और पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के सम्मान और अधिकारों के लिए लड़ते रहे और उन्होंने छुआछूत और जाति प्रथा को दूर करने के लिए लंबा संघर्ष किया। बाबा साहेब ने कहा कि शिक्षित बनो, संगठित बनो, अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करो।

**बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से हर व्यक्ति को दिए लोकतांत्रिक अधिकार : सतीश फागना**

एन.आई.टी से विधायक सतीश फागना ने कहा कि भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने भारत के संविधान के माध्यम से देश के हर व्यक्ति को लोकतांत्रिक अधिकार देने का काम किया दिया और उन्होंने समाज के अंतिम व पिछड़े व्यक्ति की लड़ाई लड़ी। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास और अंतोदय की भावना से अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन कर मोदी जी बाबासाहेब के सपनों को साकार करते हुए गरीबों और वंचितों की मदद कर रहे हैं।

**बाबा साहेब ने दलितों और समाज के कमजोर वर्गों के लिए संघर्ष कर उन्हें न्याय और समानता दिलाई: कमल यादव**

बल्लभगढ़ के जिला प्रभारी कमल यादव ने अपने संबोधन में कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को मसीहा कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने दलितों और समाज के कमजोर वर्गों के लिए संघर्ष किया और उन्हें न्याय और समानता दिलाई, उनके सामाजिक न्याय के लिए किए गए प्रयासों और भारतीय संविधान के निर्माण में योगदान के कारण उन्हें मसीहा के रूप में सम्मानित किया जाता है।

**बाबा साहेब ने दलितों के सामाजिक उत्थान के लिए उठाई आवाज : सोहनपाल सिंह**

बल्लभगढ़ के भाजपा जिला अध्यक्ष सोहनपाल सिंह ने कहा कि बाबा साहेब अम्बेडकर ने देश के लिए संविधान लिखा और दलितों के सामाजिक उत्थान के लिए आवाज उठाई। उन्होंने दलित और शोषित वर्ग के उत्थान के लिए अनेक सराहनीय काम किए और उन्हें शिक्षा, नौकरी और राजनीतिक प्रतिनिधित्व के अधिकार दिलाए। सामाजिक उत्थान के लिए भाजपा कि केंद्र और सरकार द्वारा गरीब परिवारों के बच्चों, महिलाओं सहित अनेक जनकल्याणकारी योजना बनाकर अंतोदय योजना स्कीम के तहत उन्हें क्रियानवित किया जा रहा है।

इस अवसर पर विजय लोहिया, नीरा तोमर, हुकम सिंह भाटी, धर्म चौधरी, आर एन सिंह, स्वराज भाटी, मीना भाटी, जे पी मास्टर, मान सिंह, कवींद्र चौधरी, चाँदनी आज़ाद, विक्रम अरुआ, रेणु आर्य, गीता शर्मा, प्रदीप टोंगर, रवि भगत, कुलदीप मथारू, संदीप भड़ाना, सुशील कुमार, प्रदीप दायमा, भगवान सिंह उपस्थित रहे।

# औद्योगिक नगरी फरीदाबाद को बसाने में बन्नूवाल समाज का अहम योगदान : पंकज रामपाल

## बन्नूवाल वेलफेयर एसो. ने किया नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज रामपाल का स्वागत

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** समाज सेवा में अग्रणी बन्नूवाल वेलफेयर एसो. के समस्त पदाधिकारियों ने आज भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल का स्वागत किया और उनकी नियुक्ति पर भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। एसो. द्वारा सेक्टर-16 में आयोजित स्वागत समारोह में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि औद्योगिक नगरी फरीदाबाद को बसाने में बन्नूवाल समाज का अह्म योगदान रहा है। बंटवारे के दौरान पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए बन्नूवाल समाज के लोगों ने अपनी मेहनत और ईमानदारी की बदौलत इस जिले को नया स्वरूप दिया और सेक्टर-24 इसका बड़ा उदाहरण है, जहां औद्योगिक इकाई की शुरुआत की गई, जो कि आज औद्योगिक सेक्टर के रूप में जाना पहचाना जाता है।



पंकज रामपाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सदैव बन्नूवाल समाज को मान सम्मान देने का काम किया है और मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी देकर जो सम्मान दिया है, मैं वायदा करता हूं कि बन्नूवाल समाज के मान सम्मान में कभी कोई कमी नहीं आने दूंगा और सदैव उनके लिए तत्परता से काम करूंगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गरीबों को सक्षम बनाने के लिए शुरू की गई अंत्योदय योजना को कारगर करने में बन्नूवाल एसो. प्रभावी तौर पर कदम बढ़ाकर इसे कारगर करने में जुटी है। इस दौरान कार्यक्रम में विशेष तौर पर भाजपा के जिला सचिव गोल्डी अरोड़ा भी मौजूद रहे।

एसो. के प्रधान राकेश भाटिया, दिनेश भाटिया, संजीव ग्रोवर, संजय अरोड़ा, रेनू भाटिया व सुशील भाटिया इत्यादि ने पंकज पूजन रामपाल का फूलों का बुक्के भेंट कर व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर बन्नूवाल वेलफेयर एसो. के प्रधान राकेश भाटिया ने कहा कि बन्नूवाल वेलफेयर एसो. सामाजिक व धार्मिक कार्यों में सदैव अपनी बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाती है, गरीब बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित करने, बुजुर्गों के रहन-सहन व खाने-पीने की व्यवस्था करने के साथ-साथ रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर भी एसो. अपने कर्तव्य का वहन बखूबी कर रही है। उन्होंने कहा कि पंकज पूजन रामपाल के भाजपा जिलाध्यक्ष बनने पर आज एसो. ने उनका स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि वह अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाएंगे।

# पृथ्वी दिवस: जेआरसी की प्लास्टिक से छुटकारा पाने की अपील

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हमारी शक्ति - हमारा ग्रह, पृथ्वी दिवस के अवसर पर गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में मनाए जा रहे धरा सप्ताह के अंतर्गत आज दूसरे दिवस पर जूनियर रेडक्रॉस और सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के माध्यम से व्याख्यान द्वारा प्लास्टिक के बहिष्कार की अपील की गई।



विद्यार्थियों को बताया गया कि विकास की आंधी में न जाने कितने वृक्षों की बलि चढ़ गई। मेट्रो का इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप करते समय कहा गया था कि एक लाख से भी अधिक वृक्ष लगाए जाएंगे, यदि ये वृक्ष लग गए होते तो स्थितियां भिन्न होती। आज सड़के बन रही है, निर्माण के समय एवम निर्माण के पश्चात भी निर्माण सामग्री एवम मलबा महीनों तक सड़क किनारे पड़े रहने से हरे भरे वृक्ष भी धूल से अटे पड़े हैं। सड़कों से धूल हटाए जाना बहुत ही आवश्यक है अधिक से अधिक पेड़ उगाना ही महत्वपूर्ण नहीं बल्कि पेडों का संरक्षण, स्वच्छता, कूड़ा प्रबंधन एवम सूखे पत्तों का निस्तारण भी उतने ही महत्वपूर्ण घटक हैं। यद्यपि विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवम विभिन्न संगठनों द्वारा पौधरोपण की दिशा में किया जा रहा कार्य बहुत ही सराहनीय है। परंतु मात्र आंकड़ों के आधार पर वनों को संरक्षित नही किया जा सकता। दृढ़ इच्छा शक्ति और उपलब्ध क्षेत्र पर उचित संसाधनों के साथ पौधरोपण, पौधों का संरक्षण तथा पेड़ों के बड़े होने तक नियमित रूप से पानी की व्यवस्था, अरावली क्षेत्र में सघन पौधरोपण, अरावली पर्वतमाला का संरक्षण और सख्ती से किर्यान्वन समय की आवश्यकता है। वन क्षेत्र बढ़ाने के लिए सामान्य नागरिकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है सामान्यत: बहुत से नागरिक अपने घरों के सामने से पार्किंग अथवा अन्य कारणों से बड़े बड़े पेड़ो को किसी न किसी करना से कटवा देते हैं या नष्ट कर देते हैं, इस प्रवृतति से हमें बचना होगा और प्रशासन को भी कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है।

# लमबित शिकायतों का अधिकारी जल्द करे निस्तारण : एडीसी रविन्द्र पाटिल

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** समाधान शिविर में नगर निगम से संबंधित अभी तक आई हुई शिकायतों में से लंबित शिकायतों को जल्द से जल्द निपटाने के लिए आज सभी संबंधित अधिकारियों को नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर स्वर्पनिल रविंद्र पाटिल ने सख्त दिशा निर्देश दिए हैं कि लंबित समस्याओं का तुरंत समाधान कराएं।।



बता दे कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के दिशा निर्देशों पर प्रदेश भर में जिला स्तर और सब डिविजन पर प्रत्येक कार्य दिवस में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं इन समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को सरकार के दिशा निर्देशों पर जल्द से जल्द निपटाया जा रहा है, लेकिन कुछ शिकायतें लंबित रह जाती हैं उसी को मद्देनजर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के मार्गदर्शन में यह समीक्षा बैठक की गई। एडिशनल कमिश्नर नगर निगम स्वर्पनिल रविंद्र पाटिल ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि शहर वासियों को प्रॉपर्टी आई डी से संबंधित लाल डोरा सर्टिफिकेट और सेल्फ सर्टिफिकेशन से संबंधित किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आनी चाहिए ,शहर वासियों को छोटे छोटे कार्यों को लेकर कार्यालय के चक्कर न कटाएं यदि इस तरह की शिकायतें मिलती है तो संबंधित अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में निगम के एडिशनल म्युनिसिपल कमिश्नर विजयपाल यादव, बल्लभगढ़ जॉन के ज्वाइंट कमिश्नर करण सिंह भदौरिया, कार्यकारी अभियंता ओम दत्त, कार्यवाही अभियंता ओपी कर्दम, जड़टीओ दीपा, सीनियर आर्किटेक्ट बीएस ढिल्लो,सफाई निरीक्षक हरवीर रावत सहित लंबित शिकायतों से संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# अनुसूचित जाति के बेरोजगारों के आर्थिक उत्थान के लिए मत्स्य पालन विभाग द्वारा दिया जा रहा है विशेष अनुदान : डीसी

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** डीसी अजय कुमार ने बताया कि मत्स्य पालन विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के लोगों के लिए वेलफेयर ऑफ शैड्यूल कास्ट फैमिली अंडर फिशरीज सेक्टर स्पेशल कॉम्पोनेंट योजना के अंतर्गत अनुदान के रूप मे वित्तीय सहायता दी जा रही है। इसमें अनुसूचित जाति के व्यक्ति को मछली पालन के लिए पंचायती तालाब पटृट्टे पर लेने के लिये प्रथम वर्ष पट्टा राशि पर पचास हजार रुपये प्रति हैक्टेयर अथवा पट्टे की वास्तविक राशि का 50 प्रतिशत का अनुदान प्रदान किया जाता है। वहीं द्वितीय एवं आगामी वर्षो की पट्टा राशि पर 40 प्रतिशत या अधिकतम 40,000 /- रूपये प्रति हैक्टेयर अधिसूचित पानियों में से मछली पकड़ने के लिये ठेकेदारों को स्वीकृत बोली का 50 प्रतिशत अथवा 5,00,000/- रू० अधिकतम सीमा तक रेहड़ी (स्टोव / गैस, चूल्हा, बर्तन आदि सहित) पर 60,000/- रूपये की रेहड़ी खरीद पर 60 प्रतिशत या अधिकतम राशि 36,000/- रूपये प्रति लाभार्थी, खाद-खुराक पर कुल लागत रूपये 1,50,000/- हैक्टेयर का 60 प्रतिशत या धनराशि 90,000/- हैक्टेयर जो भी कम हो, मछली पालन हेतू 40,000/-रू के जाल खरीद पर 60 प्रतिशत या धनराशि 24,000/- रूपये का प्रति लाभार्थी, जो भी कम हो, अनुदान दिया जाएगा।



जिला प्रशासन के प्रवक्ता ने बताया कि इन्टसिंव स्कीम के अंतर्गत विभाग द्वारा तालाब सुधार, खाद-खुराक, रेहड़ी व जाल खरीदने के साथ-साथ मत्स्य पालन के लिए सोलर सिस्टम लगाने पर 40 से 60 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। राज्य स्तर पर मत्स्य पालन विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत मत्स्य पालन की विभिन्न गतिविधियों पर मत्स्य पालकों को अनुदान दिया जा रहा है। इस योजना के तहत मीठे पानी के मत्स्य पालन के लिए नया तालाब बनाने व खाद-खुराक पर अधिकतम खर्च 11 लाख, खारे पानी मछली पालन के लिए नया तालाब बनाने व खाद-खुराक पर अधिकतम खर्च 14 लाख पर 40 प्रतिशत सामान्य वर्ग व 60 प्रतिशत अनुसूचित जाति व महिलाओं के लिए अनुदान दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की अन्य गतिविधियां जैसे कॉल्ड स्टोर, फिड मील, रेफ्रिजेरेटेड व्हीकल मोटर साईकिल व आईस बॉक्स, साईकिल व आईस बॉक्स बायोफ्लोक व आर.ए.एस. इकाई की स्थापना इत्यादि पर भी 40 प्रतिशत सामान्य वर्ग व 60 प्रतिशत अनुसूचित जाति व महिलाओं के लिए अनुदान की व्यवस्था की गई है। मत्स्य पालक भली प्रकार मछली पालन का कार्य कर सके इसके लिये विभाग द्वारा मत्स्य पालन का प्रशिक्षण दिया जाता है। राज्य की स्कीम अनुसार लाभार्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष हरियाणा राज्य का स्थाई निवासी, बेरोजगार व सरकारी संस्था से मत्स्य पालन में प्रशिक्षित होना अनिवार्य है। किसी भी मद मे लाभ प्राप्ति हेतु आवेदन सरल पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है।

प्रवक्ता ने बताया कि मत्स्य पालन विभाग द्वारा जिला स्तर पर 30 अप्रैल 2025 तक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मत्स्य विभाग की अधिक से अधिक स्कीमों का प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। मत्स्य पालन से जुड़ी किसी भी योजना के विषय में अधिक जानकारी व अपना प्रार्थना पत्र देने के लिए लघु सचिवालय स्थित तीसरी मंजिल के कमरा नम्बर 297-298 में जिला मत्स्य अधिकारी एंव मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य किसान विकास एजैन्सी के कार्यालय अथवा उपरोक्त विभाग के दूरभाष नंबर 0124-2300115 पर संपर्क कर सकते हैं।

# समाधान शिविर : जनता की समस्याओं का हो रहा त्वरित निवारण : डीसी

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेशभर में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु चलाए जा रहे समाधान शिविर अभियान के तहत सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर की अध्यक्षता डीसी अजय कुमार ने की। डीसी अजय कुमार ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति में एक-एक फरियादी की बात ध्यानपूर्वक सुनी और मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें।

डीसी अजय कुमार ने कहा, जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान हमारी प्राथमिकता है। समाधान शिविर का उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच सीधे संवाद को बढ़ावा देना है, जिससे लोगों की समस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जा सके समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने नागरिकों की समस्याओं को सुना और तत्काल समाधान प्रदान करने का प्रयास किया। शिविर में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, और सामाजिक कल्याण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। इस शिविर के माध्यम से हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार तथा डीसी अजय कुमार के मार्गदर्शन से जरूरतमंद लोगों की सार्वजनिक व व्यक्तिगत शिकायतों का प्राथमिकता से निदान किया जा रहा है। समाधान शिविर में प्रमुख तौर पर प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, समाज कल्याण पेंशन, राशन कार्ड आदि शिकायतें शामिल हैं। इसके निवारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी व टीम शिविर में तुरंत समाधान करने का प्रयास कर रही हैं।

फ्री होम डिलीवरी, अखबार की कटिंग साथ लाने पर 10 प्रतिशत की छूट
संपर्क करें: 9811153271




